J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 26.01.2019

DAINIK JAGRAN

हितेश, विरेंद्र और मनदीप स्वच्छता के लिए सम्मानित

सम्मानित हुए विद्यार्थियों के साथ जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.दिनेश कुमार व अन्य।

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विद्यालय द्वारा छात्रावास में सबसे साफ कमरा रखने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने छात्रावास में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रथम स्थान पर नेहरू छात्रावास से हितेष कुमार, विरेंद्र कुमार व मनदीप, द्वितीय स्थान पर रहे जाकिर छात्रावास से अमोद्य रैना, पार्थ मुंची व सिद्धार्थ टिंकू को और तीसरे स्थान पर रहे अभिषेक, सक्ति व शिवम भट्ट को क्रमशः दस हजार, पांच हजार और तीन हजार रुपये के पुरस्कार प्रदान किए।इस अवसर पर चीफ होस्टल वार्डन विकास तुर्क, होस्टल वार्डन डॉ. महेश चंद तथा डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना एक कार्य नहीं, अपितु यह एक जीवन शैली है। विद्यार्थी स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, ना कि यह कभी-कभार होने वाली स्वच्छता अभियान तक सीमित रहे। प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी चीफ होस्टल वार्डन डॉ.विकास तुर्क ने दी।

NEWS CLIPPING: 26.01.2019

AMAR UJALA

विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने की पहल

जेसी बोस वाईएमसीए में स्वच्छता के लिए छात्रावास में अपने कमरों को साफ सुथरा रखने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार देते कुलपति दिनेश कुमार ।

फरीदाबाद। विद्यार्थियों में स्वच्छता की भावना को प्रेरित करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने छात्रावास में सबसे साफ-सुथरा कमरा रखने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की पहल की है।

इस पुरस्कार की परिकल्पना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता गतिविधियों के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हें जिम्मेदार बनाना है। अपनी तरह के पहले नकद पुरस्कारों को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रावास में आयोजित एक कार्यक्रम मे विद्यार्थियों को प्रदान किया। इसमें पहले तीन स्थानों पर रहे विद्यार्थियों को 10,000, 5000 व 3000 रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें प्रथम स्थान पर नेहरू छात्रावास से हितेष कुमार, विरेंद्र कुमार व मनदीप रहे। दूसरा पुरस्कार जाकिर छात्रावास से अमोद्य रैना, पार्थ मुंची व सिद्धार्थ टिंकू को मिला और तीसरा पुरस्कार अभिषेक, सविता व शिवम भट्ट को मिला। इस अवसर पर चीफ होस्टल वार्डन विकास तुर्क, होस्टल वार्डन डॉ. महेश चंद तथा डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा भी उपस्थित थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना एक कार्य नहीं, बल्कि यह एक जीवन शैली है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

NEWS CLIPPING: 26.01.2019

HINDUSTAN

स्वच्छता में नेहरू छात्रावास प्रथम

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के छात्रावास में सबसे साफ-सुथरा कमरा रखने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत दिया गया। इसमें प्रथम स्थान पर नेहरू छात्रावास के हितेष कुमार, विरेंद्र कुमार और मनदीप रहे। इन्हें 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को पांच हजार और तृतीय स्थान पर रहने वाले को तीन हजार रुपये दिए जाएंगे। छात्रों में सफाई के प्रति जागरुकता लाने के लिए पहली बार शुरू किया गया है।

दूसरा पुरस्कार जाकिर छात्रावास से अमोघ रैना, पार्थ मुंची और सिद्धार्थ टिंकू को पांच हजार रुपया दिया गया। जबकि तृतीय पुरस्कार अभिषेक, सविता व शिवम भट्ट को तीन हजार रुपया दिया गया।